तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 जुलाई 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

10 60 लाख का गांजा बरामद, दो वाहन जब्त व तीन तस्कर को किया गिरफ्तार



12 नए कानून की बारीकियों को लोगों ने जाना



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# चौथे दिन भी नहीं हो सका महिला का अंतिम संस्कार, फोर्स तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

परपा थाना क्षेत्र के एर्राकोट में महिला की मौत के चार दिन बाद भी अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है। छोटे बेटे द्वारा हाईकोर्ट से आदेश लेकर आने के बाद मंगलवार को मृतिका का अंतिम संस्कार किया जा सकता है। वहीं एहतियातन चौथे दिन भी एर्राकोट में फोर्स तैनात है और स्थिति पर नजर रखे हुए है।

गौरतलब है कि एर्राकोट निवासी पाण्डो कश्यप पति सुकड़ो कश्यप लगभग 70 वर्ष की चार दिन पूर्व शुक्रवार रात बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मृतिका ईसाई धर्म को मानने वाले अपने छोटे बेटे रामलाल कश्यप के साथ रहती थी। जबकि हिंदू धर्म को मानने वाला बड़ा बेटा दुलगो कश्यप भी मां के अंतिम संस्कार के लिए एर्राकोट में ही मौजूद है। मां के साथ रहने वाला छोटा बेटा रामलाल मां का अतिंम संस्कार ईसाई धर्म के अनुरूप करना चाहता है। इसके लिए वह दो दिन पूर्व न्यायालय की शरण में गया हुआ था और सोमवार रात तक उसके लौटने की संभावना है। इसे देखते हुए शव को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में रखवाया गया है। बेटे के लौटने के बाद मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार गांव में ही निजी जमीन में किए जाने की संभावना है।

**खास बातें**

- शव को डिमरापाल मेडिकल कालेज में रखा गया
- छोटा बेटा गया न्यायालय की शरण में





### ग्राम प्रमुखों ने किया इनकार

इधर इस मामले में ग्राम प्रमुखों ने गांव में ईसाई कब्रिस्तान के नहीं होने व ग्रामसभा का हवाला देते हुए गांव में शव को दफनाने देने से इंकार कर दिया है। अब देखना है कि मंगलवार को आपसी सहमति से गांव में ही मृतिका का अतिंम संस्कार हो सकेगा या विरोध की स्थिति बनेगी। विवाद कि स्थिति को देखते हुए गांव में चौथे दिन भी पुलिस फोर्स की तैनाती यथावत है।

## खबर संक्षेप

### जिला समन्वयक ने फर्जी हस्ताक्षर कर निकाले 78 लाख

**दंतेवाड़ा।** स्वच्छ भारत मिशन जिला समन्वयक के फर्जी हस्ताक्षर के चर्चे इन दिनों जिले में आम हो गए। नटवरलाल की भूमिका निभाने वाला देवेंद्र झाड़ी के कारनामे से हर कोई हतप्रभ है। जिला पंचायत सीईओ आकाश छिकारा का फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से 78 लाख रुपए से अधिक की राशि का गबन किया। जिला समन्वयक ने सर्वप्रथम राशि को समूह के खाते में हस्तांतरित किया। इसके बाद अपने व अपने रिश्तेदारों के खाते में रेवड़ी की तरह बांट दी। इस बात का खुलासा बैंक स्टेटमेंट से हुआ। पुलिस हर बिन्दु से इस मामले की जांच कर रही है।

**हस्ताक्षर के नमूने की होगी जांच :** पुलिस के अनुसार आरोपी ने जिन दो अधिकारियों सीईओ छिकारा तथा लेखापाल के फर्जी हस्ताक्षर चेक में कर राशि का बंदरबांट किया है। इसकी जांच में हस्ताक्षर नमूना तथा फिंगर प्रिंट को रायपुर के विधि विज्ञान के प्रयोग शाला में भेजा जाएगा।

**ऑडिट प्रक्रिया और बैंक संदेह के घेरे में :** मामले में दो की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे है। जिले में वित्तीय लेखा-जोखा का वार्षिक ऑडिट होता है। फिर वर्ष 2022 के कारनामें की पोल इतने दिनों तक फाइलों में बंद क्यों रही? इस पर ऑडिटर का ध्यान क्यों नहीं गया? या इसमें भी सेटिंग हुई। वहीं दूसरी ओर बैंक की भूमिका, 78 लाख की इतनी बड़ी राशि के आहरण से पूर्व संबंधित बैंक के कर्मचारी और अधिकारी ने अच्छी तरह से हस्ताक्षर की जांच क्यों नहीं किए। बहरहाल जांच के बाद ही खुलासे होंगे।

### प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन

**कांकेर।** जिले के आम नागरिकों की मांग एवं शिकायतों के निराकरण के उद्देश्य से पूर्व की भांति कार्यालय कलेक्टर जिला-उत्तर बस्तर कांकेर में जनदर्शन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनदर्शन का आयोजन 02 जुलाई से पुनः प्रत्येक मंगलवार को समय-सीमा की बैठक के उपरांत प्रारंभ किया जा रहा है। जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त आवेदनों पर संबधित विभागों द्वारा कार्यवाही के पश्चात पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

### आयोजन: शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में तीन नए कानून पर जागरुकता व्याख्यान

# नई न्यायिक व्यवस्था विकसित भारत के निर्माण में एक ऐतिहासिक कदम, 163 वर्ष पुराना कानून बदला: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

देश में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम तीन नए कानून के रूप में 1 जुलाई को प्रभावी हो गए हैं। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर में इस मौके पर सोमवार को नए न्यायिक अधिनियम 2023 पर व्याख्यान और कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्तर रेंज के आईजी पी. सुंदरराज मौजूद थे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की। विशिष्ठ अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा मौजूद थे।

- आईजी और पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को नए कानून से अवगत करवाया

कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. डॉ. स्वपन कुमार कोले ने अतिथियों का परिचय दिया। वहीं सह समन्वयक डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए तीन नए कानून की आवश्यकता के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी। कुलपति ने कहा कि नई न्यायिक व्यवस्था विकसित भारत के निर्माण में एक ऐतिहासिक कदम है। 163 वर्ष पुराना कानून आज बदलने जा रहा है। भारतीय दंड संहिता अब भारतीय न्याय संहिता बन चुका है। इससे स्पष्ट है कि अब दंड नहीं न्याय आधारित कानून पर काम किया जाएगा। यह पल संपूर्ण भारत के लिए अत्यंत सुखद अनुभति वाला है। पुलिस अधीक्षक ने तीनों कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब दंड संहिता न्याय संहिता के रूप में जानी जाएगी। नया कानून न्याय आधारित है। अंग्रेजों ने एक समान कानून बनाते हुए हम पर ऐसे कानून थोपे जो उनके हित में थे। अब जो कानून प्रभावी हो रहा है वह नागरिक आधारित है। नए कानून में साक्ष्य को भी प्राथमिकता दी गई है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम बनाया गया है। अब साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ संभव नहीं होगी। पीड़ित के बयान की अब वीडियोग्राफी होगी। साथ ही उन्होंने बताया कि अब एफआईआर डिजिटली सोशल मीडिया से भी हो जाएगी। बस तीन दिन के अंदर थाने आकर एक हस्ताक्षर करना होगा और शिकायत पर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। इसके अलावा महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराध के मामले में भी त्वरित न्याय दिलाने के लिए कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। अब पहली बार अगर कोई छोटा अपराध किया जाता है तो समाज की सेवा का अवसर सजा के रूप में दिया जाएगा, यह एक बड़ा बदलाव है।

अब जेल भेजने की जगह सुधार का अवसर देने पर जोर दिया जा रहा है। सामूहिक बलात्कार जैसे संगीन अपराध में अब मृत्यु दंड तक का प्रावधान किया गया है। संचालन डॉ. रानी मैथ्यू व कुलसचिव ने आभार माना। इस दौरान प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा, डॉ. विनोद कुमार सोनी, डॉ. सुकृता तिर्की, डॉ. संजीवन कुमार समेत विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।






### नए कानून को एक दिन में जानना संभव नहीं: आईजी

आईजी ने कहा कि नए कानून के बारे में एक दिन में जानना संभव नहीं है। सभी लोग इस पर लगातार अध्ययन करें। सोशल मीडिया में इससे जुड़ी बहुत सी जानकारी हैं उसे पढ़ें, देखें। एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है जिसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। दंड पर नहीं अब न्याय पर जोर है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान छात्रों को अपने अधिकारों के प्रति भी सजग रहने कहा। साथ ही साइबर अपराध व अन्य अपराधों को लेकर भी जागरूक बनने कहा। उन्होंने कहा कि बस्तर का बीते पांच वर्षों में बहुत विकास हुआ है। अब बस्तर के लोग फ्लाइट में बैठ पा रहे हैं, यह पहले संभव नहीं था। इन्हीं बदलावों के बीच अब कानून भी बदला है तो इसे सहज रूप से स्वीकारें और उनका अध्ययन करें।

# आठ पूर्व सरपंच-सचिवों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए राशि का उपयोग नहीं करने और राशि वापस नहीं करने पर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बस्तर द्वारा अनुभाग अंतर्गत ग्राम पंचायतों की पंचायत निधि की वसूली प्रकरण में लगातार अनुपस्थित रहने वाले आठ ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच-सचिवों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया।

आरआरसी प्रकरण के तहत एसडीएम बस्तर एआर राणा द्वारा जारी आदेश में ग्राम पंचायत बाकेल के पूर्व सरपंच पर सुनिता मौर्य पर एक लाख 50 हजार, पूर्व सरपंच जयत्री बघेल पर 19 लाख 16 हजार 575 रुपए और बाकेल के पूर्व सचिव साधुराम मौर्य से 19 लाख 16 हजार 575 रुपए वसूली हेतु शेष है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चपका के पूर्व सचिव पनकू राम से अलग-अलग वित्तीय वर्ष के 60 हजार, 83 हजार 200 और 1 लाख 47 हजार 400 रुपए, ग्राम ⏭ शेष पेज 10 पर



- बस्तर एसडीएम ने राशि वसूली में लगातार गैरहाजिर रहने पर दिया आदेश

### उपस्थित नहीं होने पर होगी कार्रवाई

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बस्तर द्वारा थाना भानपुरी को उपरोक्त पूर्व सरपंचों को 10 जुलाई को उपस्थित करवाने के निर्देश दिए गए हैं। नियत तिथि को उपस्थित नहीं होने की स्थिति में उनको सिविल कारागार भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

# मावली माता मंदिर में भगवान नरसिंह नाथ की मूर्ति स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मावली माता मंदिर पुजारी को माता सपना में आई और कहा मंदिर के गर्भगृह और सिंहद्वार में नरसिंह नाथ (सिंह) मेरे सवारी की स्थापना करो। माता के सपने को पुजारी ने मुंडागांव के सिरहा और धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के लोगों को बताया। मंदिर पुजारी भी इसी समाज से आते है। समाज के वरिष्ठजनों से चर्चा कर आर्थिक सहयोग से रविवार को भगवान नरसिंह नाथ की मूर्ति स्थापित की गई। सिरहासार स्थित रियासतकालीन मावली मन्दिर के सिंहद्वार में भगवान नरसिंह नाथ मूर्ति की स्थापना वैदिक पंडितों के मंत्रोच्चार और पूजा अर्चना के साथ किया गया। सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव के मनोकामना पूर्ण होने पर मावली माता मंदिर में विधि विधान से सिंह की मूर्ति स्थापित की गई। पंडित शुभाशु पाणीग्राही के पूजन मंत्रोच्चार के बीच मावली माता मंदिर के गर्भगृह में दो और ⏭ शेष पेज 10 पर

- सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव ने मंत्रोच्चार के साथ किया पूजन



# पुरी के लिए स्पेशल ट्रेन 7 को की जाएगी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तरवासियों को पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए गुंडिचा स्पेशल ट्रेन की सुविधा मिल रही है। बताया जा रहा है कि पुरी गुंडिचा रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन जगदलपुर से 7 जुलाई की सुबह 10.45 बजे रवाना होगी। दूसरे दिन सुबह 8 बजे पुरी पहुंचेगी।

जबकि वापसी में यह ट्रेन 8 जुलाई को रात्रि 12.30 बजे रवाना होगी जो दूसरे दिन 9 जुलाई की सुबह 8.20 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन 7 जुलाई को पूरी रवाना होने के दौरान कोटपाड़ रोड, जैपुर, कोरापुट, दामनजोडी, लक्ष्मीपुर रोड, टिकरी, रायगढ़ा, पार्वतीपुरम टाउन, बोबली, विजयनगरम, चिपुरीपल्ली, सिंगदम, पोंडारु, श्रीकाकुलम रोड,टिलरू, कोटाबोममली, नुआपाड़ा, पलासा, मंडासा, सौंमपेटा, इच्छापुराम, बरहमपुर, छत्रपुर, गंजाम, खलीकोट, बालुगाव, कालुपडा घाट, निराकारपुर, काईपदर पश्चात पुरी पहुंचेगी।

# बंदियों को दी गई नए कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

देश में नये कानून 1 जुलाई से के लागू किये जाने के संबंध में मनीष कुमार ठाकुर प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में अंकिता कश्यप सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

- नये कानूनों के संबंध में केन्द्रीय जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

शिविर में अंकिता कश्यप ने केन्द्रीय जेल में निरूद्ध बंदियों को देश में आज से लागू किये गये 3 नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य संहिता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में भारतीय दण्ड संहिता में कुल 511 थी। अब उसे संशोधित कर भारतीय न्याय संहिता किया गया है जिसमें 357 धाराएं होंगी। इसी प्रकार दण्ड प्रक्रिया संहिता में कुल 484 धाराएं थी अब उसे संशोधित कर भारतीय नागरिक कल्याण संहिता किया गया है उसमें 531 धाराएं होंगी। नये कानून के अन्तर्गत अब इलेक्ट्रानिक माध्यम से भी एफआईआर दर्ज हो सकेगी। शिविर में केन्द्रीय जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के पेनल अधिवक्ता संतोष जोशी ने उपस्थित बंदियों को संशोधित तीनों कानूनों के संबंध में विस्तार से बताते हुए पृथक-पृथक धाराओं के संबंध में जागरूक किया। जेल अधीक्षक आरआर राय ने बंदियों को तीनों नये कानून आज 1 जुलाई से लागू होने तथा पुराने प्रकरण कानून के तहत विचारण किये जाने संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक ए.कुजुर, एसएल नायक सहित जेल प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी एवं जेल में निरूद्ध बंदी उपस्थित थे।



# खिलाड़ियों में खेल भावना का होना प्रमुख गुण : देव



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के द्वारा इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के समापन अवसर पर रविवार को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव शामिल हुए। उन्होंने उत्साह वर्धन करते विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि संभाग स्तरीय शंतरज प्रतियोगिता में पूरे बस्तर संभाग से लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। शंतरज प्रतियोगिता में चार वगोंर् में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें ⏭ शेष पेज 10 पर

- शतरंज के विजयी खिलाड़ियों को विधायक ने किया पुरस्कृत

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में बस्तर को और आगे ले जाना है

# लोगों का जीवन बचाने का काम करते हैं डाक्टर : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में डॉक्टर्स डे पर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने सभी डॉक्टर को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल मौजूद थे। अतिथियों और डॉक्टरों ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। किरण देव ने कहा कि डॉक्टरों का हमारे समाज में एक अलग स्थान होता है। डॉक्टर अपने ड्यूटी दिन-रात करते हुए मरीजों की जान बचाते हैं। डॉक्टरों का जीवन संघर्षशील होता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमें अपने बस्तर को और बेहतर ढंग से आगे ले जाना है। जिसमें आप सभी डॉक्टरों का योगदान जरूरी है। विनायक गोयल ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में जितना भी बेहतर हो सकता है, उतना बेहतर हम सब मिलकर करेंगे।

- डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में डाक्टर्स डे के आयोजन में शामिल हुए विधायक





### ये रहे उपस्थित

इस दौरान मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. नवीन दुल्हानी, अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू, डॉ. केएल आजाद, डॉ. प्रदीप पांडे, भाजपा नेता रामाश्रय सिंह, श्रीनिवास मिश्रा, मनोहर तिवारी, रिंकू पांडे, श्रीपाल जैन, रितेश पट्टजोशी, अभिषेक तिवारी, आशु आचार्य समेत मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर उपस्थित थे।

पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष फॉलो वाहन से टकराई बाइक, दो युवक घायल



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 30 चिचाड़ी के पास रविवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव के फॉलो वाहन से बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार ग्राम लंजोड़ा निवासी जगदेव नेताम और विनोद नेताम घायल हो गये। किरण देव ने दोनों घायलों को तत्काल फॉलो वाहन से ही उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में भिजवाकर भर्ती करवाया गया। घायल जगदेव नेताम के चेहरे में चोट आई और विनोद नेताम का एक पैर टूट गया। बताया जा रहा है कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव केशकाल में चल रहे मेगा स्वास्थ्य शिविर में शामिल होने जा रहे थे। तभी बाइक उनके सामने चल रहे फॉलो वाहन से टकरा गई।

### मुक्तिधाम में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के पदाधिकारियों और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा प्रत्येक रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। 30 जून रविवार को मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुक्तिधाम के अंदर जंगली घासों को काटा गया और झाडू लगाकर कचरा उठाया गया। स्वच्छता मिशन में मेरी भागीदारी – मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी, स्वच्छ भारत– सुंदर भारत, भारत माता की जय नारों के साथ स्वच्छता अभियान का समापन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोंडागांव व्यापारी संघ के सदस्य रतन दत्ता, नगरपालिका परिषद कोंडागाँव से संतोष साहू और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण ले रहे 200 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

### केशकाल एनएच 30 में मरम्मत कार्य शुरू

**केशकाल।** केशकाल घाट व नगर की सड़कों के जर्जर गड्ढों से परेशान नगरवासी वा पत्रकारों ने ज्ञापन स्थानीय विधायक नीलकंठ टेकाम को 3 दिवसीय मेडिकल शिविर में सौंपा था। स्थानीय प्रशासन के प्रमुख अंकित चौहान ने मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए रविवार को एनएच 30 की भारतीय स्टेट बैंक वा एचबीआरबी के सामने वाले गड्ढों से भरे मार्ग को एनएच की एसडीओ वा ठेकेदार को निर्देश देकर गिट्टी डालकर रोलर चलाना प्रारंभ किया गया। एसडीओ एनएच को सख्त निर्देश देकर जर्जर सड़क मार्ग को शीघ्र ठीक करने के साथ पानी निकासी का भी निर्देश दिया। एसडीओ कांकेर ने सड़क मार्ग का ठेका दूसरे ठेकेदार को देने की बात कही है।

## पेज 9 के शेष

### आठ पूर्व सरपंच-सचिवों के विरुद्ध ...

पंचायत बनियागांव के पूर्व सरपंच बालोबाई से 1 लाख 50 हजार और पूर्व सचिव मनबोध बघेल से भी 1 लाख 50 हजार की वसूली की जानी है। ग्राम पंचायत कुम्हली के पूर्व सरपंच टीकम कश्यप से 1 लाख 50 हजार और पूर्व सचिव राजेश कश्यप से 1 लाख 50 हजार, ग्राम पंचायत इच्छापुर के पूर्व सरपंच जदूराम कुंजान से 35 हजार और ग्राम पंचायत रेटावंड के पूर्व सरपंच हरिराम बघेल से 75 हजार रुपए की वसूली शेष है।

### मावली मंदिर में...

सिंहद्वार में दो नरसिंह नाथ मूर्ति स्थापित किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** इस दौरान जगत सिह, सिकन्दर सिह, हितेन्द्र सिंह, नरेन्द्र ठाकुर, शंकर ठाकुर, राजु ठाकुर, योगेश ठाकुर, ओम प्रकाश, बिक्रात पुजारी, अनिल पुजारी, सोमेश ठाकुर, चैतन सिह, अरुणा चौहान रुकमणी ठाकुर, हेमा ठाकुर, दीया ठाकुर, सोनाधर, टीआर ठाकुर समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों में खेल...

संभाग से आये खिलाड़ियों ने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन किया। उपविजेता एवं अन्य खिलाड़ियों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है प्रयास करते रहें सफलता अवश्य प्राप्त होगी। सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे एवं बस्तर जिला अध्यक्ष शंतरज संघ शंशाक शेंडे ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, संघ सचिव हितेश तिवारी, अशोक तिवारी, आलोक दुबे समेत अन्य पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# उल्लास नवभारत साक्षरता के लिए एनएसएस और एनसीसी के स्वयंसेवकों की लें सहायताः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

## 40000 शिक्षार्थियों एवं 4000 स्वयंसेवी शिक्षकों का मिला लक्ष्य

कलेक्टर दुदावत ने उल्लास नव भारत साक्षता कार्यक्रम के लिए एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, रेडक्रास के सभी सदस्य एवं विद्यार्थियों को अपने ही परिवार आस–पड़ोस के असाक्षरों को साक्षर करने के लिए स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के असाक्षरों को 200 घण्टे का अध्यापन कराकर बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान प्रदान कराकर नवसाक्षर बनाने, महत्वपूर्ण जीवन कौशन वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता, मतदान साक्षरता, आपदा प्रबंधन, वाणिज्य कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता. परिवार कल्याण की शिक्षा प्रदान करने, बुनियादी शिक्षा समतुल्यता कार्यक्रम अंतर्गत प्रारंभिक स्तर कक्षा 3 से 5 मध्य स्तर कक्षा 6 से 8 और माध्यमिक स्तर कक्षा 9 से 12 वी की समतुल्यता प्रदान करने, व्यावसायिक कौशल विकास नवसाक्षरों को रोजगार प्रदान करने व्यावसायिक कौशल विकास प्रशिक्षण 5 सतत शिक्षा शिक्षार्थियों को कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, संस्कृति, खेल मनोरंजन एवं स्थानीय रूचि के अनुसार अन्य विषय में उन्नत सामग्री प्रदान करने के लिए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिला कोण्डागांव को राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा 40000 शिक्षार्थियों एवं 4000 स्वयंसेवी शिक्षकों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वर्तमान में 4710 शिक्षार्थियों एवं 526 स्वयंसेवी शिक्षकों का सर्व एवं उल्लास एप में उनकी प्रविष्टि की जा चुकी है। इस कार्यक्रम को प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक व शिक्षक, आगनबाडी कार्यकर्ता, सचिव, मितानीन एवं स्वसहायता महिला समूह के संयुक्त प्रयास से यह कार्य किया जा रहा है तथा 5 जुलाई तक सर्वे व प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।



### कार्यक्रम की साप्ताहिक समीक्षा की जाए

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की नियमित बैठक लेकर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की साप्ताहिक समीक्षा की जाय एवं उल्लास एप में प्रविष्टि की नियमित मानीटरिंग तथा विद्यालयों में उल्लास साक्षरता केन्द्र स्थापित किये जाने के लिए संपूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए। समस्त आश्रम छात्रवासों में सामाजिक चेतना केन्द्र स्थापित किये जाने के लिए सहयोग प्रदाय करने व छात्रावास अधीक्षकों के माध्यम से असाक्षरों के सर्वे कार्य में सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकों के सर्वे कार्य में सहायता तथा बच्चों की पढ़ाई के पहले और बाद में स्वयंसेवी शिक्षकों को निरक्षरों के अध्यापन के लिए निर्देशित किया। सभी असाक्षरों के अध्ययन केन्द्र में जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर, स्वच्छता व पौष्टिक आहार की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

## कार्रवाईः नारायणपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 60 लाख का गांजा बरामद, दो वाहन जब्त व तीन तस्कर को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

पुलिस ने दो वाहनों से 6 क्विंटल से अधिक गांजा बरामद किया है। गांजे का बाजार मूल्य साठ लाख से अधिक बताया जा रहा है। पुलिस ने दोनों वाहनों जब्त कर लिया है। गांजे का परिवहन करने वाले दो तस्करों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

- ओडिशा के मलकागिरी से ले जाया जा रहा था नागपुर महाराष्ट्र

पुलिस के अनुसार आज सुबह 10 बजे से थाने के सामने एमसीपी लगाकर संदिग्ध वाहनों, वस्तुओं व व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। चेकिंग दौरान दोपहर लगभग 2 बजे एक सफेद रंग की मारूति सुजुकी सिलेरियो वाहन क्रमांक एमएच 49 एएस-3603 एवं एक अशोक लीलेण्ड मालवाहक वाहन क्रमांक एमएच-40 सीएम 7351 आगे- पीछे कुछ अन्तराल पर कोण्डागांव मुख्य मार्ग की ओर से आ रहे थे, जिन्हे रोका गया। सिलेरियो वाहन में सवार व्यक्तियों से पूछताछ करने पर क्रमशः उन्होंने अपना नाम राहुल राधेश्याम जयसवाल पिता राधेश्याम निवासी नागपुर महाराष्ट्र एवं मोहन सिंह विश्वकर्मा पिता छबिलाल उम्र 32 वर्ष निवासी सिवनी जैतपुरकला मध्यप्रदेश का बताया। संदिग्ध प्रतीत होने पर वाहन की चेकिंग करने पर डिक्की में भूरे रंग के सेलोटेप से पैक किए हुए 30 पैकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा वजन 60 किलोग्राम अनुमानित कीमत 6 लाख मिला। इसी प्रकार अशोक लीलेण्ड मालवाहक वाहन में सवार व्यक्तियों द्वारा अपना नाम सचिन नरबद कारेमोरे पिता नरबद कारेमोर निवासी नागपुर महाराष्ट्र का होना बताया। वाहन की चेकिंग करने पर खाद्य पदार्थ चिप्स, लाई के बोरियों के पीछे रखा हुआ भूरे रंग के सेलोटेप से पैक किया हुआ 153 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 546 किलोग्राम, अनुमानित कीमत 54 लाख 60 हजार मिला। बाजार में उक्त जप्त मादक पदार्थ गांजा का अनुमानित कुल कीमत 60 लाख 60 हजार बताई जा रही है।



पूछताछ में आरोपियों द्वारा जब्त अवैध मादक पदार्थ गांजा ओडिशा राज्य के मलकानगिरी से लेकर नागपुर महाराष्ट्र की ओर अवैध परिवहन कर ले जाना स्वीकार किया गया। आरोपियों का कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाये से थाना नारायणपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। प्रकरण के आरोपीगण राहुल राधेश्याम जैसवाल, मोहन सिंह विश्वकर्मा एवं सचिन नरबद कारेमोरे को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी नारायणपुर निरीक्षक दिनेश कुमार चन्द्रा उप निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार तिवारी, सउनि सुश्री वंदना चन्द्रकार, प्र.आर. सेवक केरकेट्टा, आरक्षक टंकेश्वर यादव, आरक्षक सुनील साहू, म.आर. ललिता सलाम, रश्मि मरकाम व अन्य स्टॉफ की विशेष भूमिका रही है।

# धनोरा थाना परिसर में नए कानूनों के बारे में लोगों को बताया



**धनौरा।** थाना प्रभारी धनोरा राजकुमार शोरी ने थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय पंचायत के सरपंच,जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, महिलाए, राजस्व विभाग, शिक्षकगण, छात्र एवं छात्राएं तथा पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी को 1 जुलाई से देश में लागू हुए तीन नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के साथ महिला संबंधी अपराध, बच्चों से संबंधित अपराध, साइबर क्राइम तथा यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

बाद कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव रुपेश कुमार डांडे के प्रवेक्षण तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भूपतसिंह धनेश्री के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

### फरसगांव थाना परिसर में नए कानून के बारे में दी जानकारी

**फरसगांव।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनिल कुमार विश्वकर्मा द्वारा 1 जुलाई सोमवार को थाना परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर स्थानीय नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि , व्यापारीगण, क्षेत्र के कोटवार , नगरवासी , बस बुकिंग एजेंट, स्थानीय पत्रकारों को 1 जुलाई से देश मे लागू हूए नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 (भारतीय प्रकिया संहिता, भारतीय दंड संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम) के साथ महिला सम्बन्धी अपराध, बच्चो से सम्बन्धी अलराधो के बारे में जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया । इस दौरान फरसगांव थाना प्रभारी उप निरीक्षक नरेश कुमार साहू, उपनिरीक्षक हिम्मत लाल कश्यप , सहायक उपनिरीक्षक सुरेंद्र बघेल, किशोर प्रजापति सहित अन्य पुलिस के जवान उपस्थित रहे ।



# संघ के प्रति सद्भाव एवं समर्पण पेंशनरों ने जमा की सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- सभी सार्थियों के जागृत होने पर संघ की शक्ति कई गुना बढ़ जाएगी
- विधायक को दिए गए ज्ञापन में संबंध में सदस्यों को दी गई जानकारी

छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव, चिपावण्ड ग्रामीण क्षेत्र से संघ के प्रति निष्ठावान एवं समर्पित सदस्य राम साय मरकाम द्वारा अपने पेंशनर्स साथियों के साथ आज पेंशनर अध्यक्ष इंजी एसपी विश्वकर्मा के गृह निवास कोंडागांव पहुंच कर संघ को 2024 की सहयोग राशि जमा कर संघ के प्रति निष्ठावान एवं समर्पण की मिसाल प्रस्तुत की। जिसमें राम साय मरकाम, पूरन राम कोर्राम, जंगलू राम नेताम, पनकू राम यादव, जालम सिंह सलाम तथा सुकमन राम मांडवी द्वारा सहयोग राशि जमा कर अद्भुत मिसाल कायम किया । इसके लिए अध्यक्ष एसपी विश्वकर्मा ने उन सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे ही भाव सभी पेंशनर्स साथी जागृत हो जाएं तो संघ की शक्ति स्वयंमेव ही कई गुना बढ जाएगी। संघे शक्ति कलियुगे की कहावत भी चरितार्थ होगी।



### लंबित मांगों के संबंध में हुई चर्चा

इसके अलावा पेंशनर्स हित के संबंध में लंबित मांगों के संबंध में अन्य कई चर्चा भी गई । कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी को भी पेंशनरों की लंबित मांगों के बारे में दिए गए ज्ञापन को पढ़कर अवगत भी कराया गया। सभी लोगों द्वारा क्षेत्र के अन्य पेंशनर साथियों को भी संघ से जोडने के लिए भी चर्चा की गई। अंत में सभी ने एक दूसरे को धन्यवाद ज्ञापित कर अपने निवास गांव की ओर प्रस्थान किया।

# एसडीएम और तहसील कार्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण

**फरसगांव।** राजस्व विभाग द्वारा आज से पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान की शुरुवात की गई है। सोमवार को कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. जयकुमार नाग के नेतृत्व में फरसगांव के तहसील और एसडीएम कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी स्टॉफ के साथ मिलकर परिसर में अलग- अलग प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान एसडीएम अशवन कुमार पुसाम ने सभी लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाने जागरूक किया । तहसीलदार डॉ. जयकुमार नाग ने रोपण करने के साथ उनका संरक्षण और संवर्धन करने को कहा । अपने परिजनों और अन्य लोगों को घर और कॉलोनी ने पौधारोपण करने के साथ अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने कहा गया । यह अभियान लगातार जारी रहेगा जिसमे शासकीय कार्यालय में साथ शासकीय परिसरों और स्कूलों के साथ अन्य जगहों पर पौधारोपण किया जाएगा । इस दौरान नायब तहसीलदार निधि नेताम, आरआई गुमान दीवान सहित फरसगांव राजस्व के समस्त पटवारी और अन्य स्टॉप उपस्थित रहा।



# बच्चों में दस्त की रोकथाम के लिए स्टॉप डायरिया कार्यक्रम की कलेक्टर ने की समीक्षा



**कोंडागांव।** बच्चों में दस्त के रोकथाम के लिए स्टॉप डायरिया कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में कार्यक्रम की समीक्षा की। 14 से 30 जून तक प्रारंभिक चरण चला। 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक अभियान अभी चलेगा।

- ओआरएस और जिंक सह–पैकेजों का किया जाएगा वितरण

बच्चों में दस्त की समस्या से निपटने और शून्य बाल मृत्यु दर के लिए प्रयास करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने अपने लंबे समय से चल रहे गहन दस्त नियंत्रण पखवाड़े को स्टॉप डायरिया अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। सन 2014 में शुरू हुई यह पहल रोकथाम, सुरक्षा और उपचार रणनीति को बढ़ाने और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन और जिंक के उपयोग को बढ़ाने पर केंद्रित है। अभियान का 2024 का नारा, डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान रोकथाम, स्वच्छता और उचित उपचार के महत्व पर प्रकाश डालता है।स्टॉप डायरिया अभियान दो चरणों में लागू किया जाएगा। 14 से 30 जून 2024 तक प्रारंभिक चरण और 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक अभियान चरण।

इस अवधि के दौरान प्रमुख गतिविधियों में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों वाले घरों में ओआरएस और जिंक सह–पैकेजों का वितरण, स्वास्थ्य सुविधाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों पर ओआरएस–जिंक कॉर्नर स्थापित करना और प्रभावी डायरिया प्रबंधन के लिए वकालत और जागरूकता प्रयासों को तेज करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, अभियान व्यापक देखभाल और रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए डायरिया मामले के प्रबंधन के लिए सेवा प्रावधान को मजबूत करेगा।

**ओआरएस, जिंक की उपलब्धता सुनिश्चित करें :** डायरिया रोको अभियान के तहत स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना, स्वास्थ्य सुविधाओं का उचित रखरखाव और उपयोग तथा आवश्यक चिकित्सा आपूर्तियों ओआरएस, जिंक की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। स्वच्छ जल और स्वच्छता तक पहुंच में सुधार, सुरक्षित पेयजल और बेहतर स्वच्छता प्रदान करने के लिए कठोर गुणवत्ता नियंत्रण उपायों और टिकाऊ प्रथाओं को लागू करना भी शामिल है।

## ब्रिटिश काल के क़ानून में किया गया बदलाव

# भारतीय दंड संहिता अब हुई भारतीय न्याय संहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

1 जुलाई से पूरे देश मे नए कानून लागू हो गया है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे जिसको लेकर पुलिस प्रशासन जनजन तक पहुँच रहे हैं। इस दौरान केशकाल थाना में भी नए कानून को लेकर जनजागरुकता अभियान चला रहे हैं। जिसके तहत केशकाल थाना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम,नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर, एसडीओपी भूपत सिंह, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर पवन दुबे, टीआई विकास बघेल समेत सभी समाज के लोग उपस्थित रहे ।

केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बताया कि पूरे भारतीय दंड संहिता को बदल कर भारतीय न्याय संहिता कर दिया गया है। यह कानून लोगों के हित में है इस कानून में बहुत सारा बदलाव किया गया है। मुख्य रूप से साक्ष्य अधिनियम में बदलाव करते हुए अब इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को मान्य किया गया है ।



### नए कानूनों के संबंध में माकड़ी थाना परिसर में दी गई जानकारी

**कोण्डागांव।** आज से भारत देश में तीन नए कानून लागू किए गए हैं। जिसकी जानकारी लोगों को दी जा रही है। माकड़ी थाना प्रभारी सुशील पटेल द्वारा 1 जुलाई को थाना परिसर में कार्यक्रम का आयोजन कर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत मोतीबाई नेताम, ग्राम सरपंच हेमलाल वट्टी, जनपद अध्यक्ष गौतम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र नाग, प्रताप पोयाम, किसान मोर्चा प्रदेश प्रतिनिधि चंदन साहू, भाजपा पिछडा वर्ग जिला अध्यक्ष मनोज साहू, भाजपा मंडल महामंत्री संजू ग्वाल, रामकुमार कश्यप, भगवानदास शर्मा, डीडी बाजपेई, बीईओ के समस्त स्टाफ, आत्मानंद हाई स्कूल के छात्र छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिका, व्यापारी गण, स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे। माकड़ी थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि पहले की जो कानून व्यवस्था थी वह ब्रिटिश व्यवस्था थी। जिसको उन्होंने अपने सहूलियत के हिसाब से बनाया था । उसको अभी संशोधन कर आईपीसी धारा से बीएनएस भारतीय न्याय संहिता कर दिया गया है। इसमें बच्चों और महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर अपराधी को आजीवन कारावास एवं मृत्यु दंड का प्रावधान रहेगा। यह पूरी तरह स्वदेशी कानून भारतीयों के अनुसार है।1 जुलाई से देश में लागू हुए नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 वह भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 भारतीय प्रक्रिया संहिता भारतीय दंड संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के साथ महिला संबंधी अपराध बच्चों से संबंधी अपराधों के बारे में जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 1 करोड़ से कार्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शासन की योजनाओं को त्वरित गति से क्रियान्वित करते हुए आम लोगों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। सोमवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा बैठक में जिले में संचालित विकास कायोंर् की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण के लिए उपलब्ध कराए 53 लाख 76 हजार रुपए तथा पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 1 करोड़ 11 लाख 7 हजार रुपए उपलब्ध कराए गए हैं। इस राशि से आंगनबाड़ी केन्द्रों में त्वरित गति से सुविधाएं पहुंचाने के निर्देश उन्होंने दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ ही फोटोग्राफी के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों का वजन त्यौहार भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य भी पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### प्रतिदिन 8 हजार लोगों की मधुमेह जांच करने के निर्देश

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रतिदिन 8 हजार लोगों की मधुमेह जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं उच्च रक्तचाप की जांच में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 3 जुलाई को बड़े राजपुर में दिव्यांग शिविर के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने इस दौरान जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### न्यायाधीश ने रोपे जामुन के पौधे, पौधरोपण का दिया संदेश



**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में आज न्यायाधीश उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ रजनी दुबे ने न्यू सर्किट हाउस दंतेवाड़ा के कॉरिडोर में जामुन पौधे का रोपण कर समाज में सभी को वृक्ष लगाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता, कुटुम्ब न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, प्रथम जिला न्यायाधीश प्रवीण कुमार प्रधान, जिला न्यायाधीश नक्सल शांतनु कुमार देशलहरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी. सिंह डांगी, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण अपूर्वा डांगी, न्यायिक मजिस्ट्रेट शांति प्रभु जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट बचेली अविनाश दुबे, कलेक्टर मयंक कुमार चतुर्वेदी, एडिशनल एसपी. राजकुमार बर्मन, तहसीलदार विनीत कुमार सिंह एवं अन्य न्यायिक कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### पूर्व छात्राओं को अपने बीच पाकर अभिभूत हुए सैनी



**बीजापुर।** माता रूक्मिणी सेवा संस्थान डिमरापाल के संस्थापक पदमश्री से सम्मानित धर्मपाल सैनी 5 जिले के सैकड़ों भूतपूर्व छात्राओं को अपने बीच पाकर अभिभूत हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में पद्मश्री सैनी का ढोल बाजे के साथ स्वागत किया गया और उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं डायरी पेन भेंटकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में संस्थान से आये हुए गुरुजन एवं सहायक आयुक्त जिला बीजापुर के द्वारा सैनी के सेवाकाल पर उदबोदन दिया। आश्रम में अध्ययन किये भूतपूर्व छात्राओं द्वारा अपने अपने संस्मरण सुनाये एवं अपने जीवन को सफल बनाने में सैनी की योगदान भूमिका पर प्रकाश डाला। पद्मश्री सैनी पिछले पांच दशकों से बस्तर के इस संस्थान में सेवा दे रहे हैं। लोकहित के कारण बस्तर का गांधी भी कहा जाता है।

### नवनीत को संभाग अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**जगदलपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की कोर कमेटी की बैठक में बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन की पुनर्संरचना को लेकर चर्चा हुई।



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने शहर के युवा नेता नवनीत चांद को बस्तर संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया है। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि पहले जिले तक की संगठन को मजबूत करने की जवाबदारी थी अब पूरे संभाग में संगठन को मजबूत और सक्रिय करने का दायित्व मिला है। इसमें लगातार बैठकें कर टीम की मजबूती के लिए काम करने की बात कही।

### ड्राइविंग लाइसेंस परिवहन कार्यालयों से मिलेंगे

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आम नागरिकों को एक और नई सुविधा परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा यह सुविधा एक जुलाई से लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री साय के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे। ऐसे आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था।

## सरकारी नियंत्रण से बाहर हुआ सुकमा का कॉलेज

# हिसाब के साथ-साथ गायब है किताबें 30 वर्षों से नहीं हुआ भौतिक सत्यापन

**लाखों की किताबों का नहीं है कोई अतापता**

**तय रिकवरी राशि भी जमा नहीं कर रहे कर्मचारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

अविभाजित दंतेवाड़ा जिले से संचालित सुकमा का वर्षों पुराना कॉलेज इन दिनों अव्यवस्था से जुझ रहा है। यहां पदस्थ प्राचार्यो की मनमानी इतनी की शासन के आदेश के बजाय स्वयं के मर्जी से कॉलेज का संचालन करने लगे है। आलम यह है कि इस कॉलेज का पिछले 30 वर्षो से भौतिक सत्यापन तक नहीं हुआ।




सुकमा जिला मुख्यालय स्थित शासकीय शहीद बापुराव स्नातकोत्तर महाविद्यालय एक बार फिर से सुर्खियों में है। अव्यवस्था इतनी कि यहां राज्य शासन के नियमों के बजाय यहां वर्षों से पदस्थ कर्मचारी व बाबुओं ने अपने हाथों में ले ली है। जिसके चलते यहां का हिसाब किताब दोनों ही गायब है। सुकमा स्थित वर्षो पुराने इस कॉलेज का इससे बड़ा दुर्भाग्य बौर क्या हो सकता है जहां शासन के द्वारा भेजी जाने वाली करोड़ों की सामाग्री का कोई हिसाब किताब नहीं है। यहां के कम्प्युटर उपकरणों से लेकर टीव्ही व अन्य लाखों की सामग्री किसी के घर तो किसी के दुकान तक पहुंच गई है। इसके पीछे मुख्य कारण पिछले 30 वर्षो से यहां का भौतिक सत्यापन का न होना है। महाविद्यालय के अनुपयोगी सामाग्री का भौतिक सत्यापन कर अपलेखन पिछले 35 वर्ष से नहीं हुआ जो कि गंभीर विषय है।

### 5 लाख की रिकवरी पर नहीं हुई जमा

कॉलेज के सुत्रों ने बताया कि लाइब्रेरी का भौतिक सत्यापन 2016 में हुआ था। जिसमे 3000 पुस्तकें कम पाई गई थी, जिसकी कीमत 5 लाख रुपए आंकी गई थी। जिसकी रिकवरी लाइब्रेरी प्रभारी व वहां पदस्थ बाबु के नामें डाली गई थी लेकिन उसकी वसुली आज पर्यन्त तक नहीं की गई।

### आईटी ने भी पकड़ा गोलमाल

*सुत्रों की माने तो वेतन से कटौती की गई टीडीएस राशि का अनलाइन रिटर्न नहीं भरने की रिकवरी 15 लाख से अधिक आईटी डिपार्टमेंट द्वारा फाईन जमा करने का आदेश दिया गया था पर आदेश का पालन नही किया गया जिसकी वजह से जुर्माना राशि बढ़ती जा रही है। वही बताया जाता है कि प्रत्येक 3 माह में जुर्माने की राशि में और वृद्धि होते जा रही है।*

### मनमानी तरीके से हुई भर्ती

सुकमा के इस कॉलेज में जनभागीदारी समिति द्वारा किये गए समस्त कार्य भी संदेह के दायरे में है। अगर इसकी भी जांच हो जाये तो लाखों का मामला उजागर होने की संभावना है। बताया जाता है कि जनभागीदारी के नाम से कई कर्मचारियों को रखा भी गया है लेकिन न तो उनका वेतन निर्धारण हुआ है और न ही विधिवत भर्ती।

### सत्यापन कराया जाएगा



सुकमा कालेज के मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर हरीस एस ने कहा कि सत्यापन से जुड़े मामले की जांच कराई जावेगी।

# नए कानून को लेकर पुलिस ने दी ग्रामीणों को जानकारी






हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर जिला पुलिस द्वारा नए कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को बस्तर थाना में पुलिस विभाग के आला अफसर के द्वारा गांव-गांव से पहुंचे सरपंच, कोटवार व ग्रामीण सहित जनप्रतिनिधियों को नए कानून की जानकारी दी गई।

थाना में एसडीओपी नासिर बाठी एवं थाना प्रभारी विकेश तिवारी के द्वारा नवीन विधि भारतीय न्याय संहिता 2023 व भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए नए कानून के प्रावधानों और न्याय प्राप्त करने के साधनों व उपाय के संबंध में जानकारी दी गई।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदबो राम नाग, वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा, प्रेमशंकर शुक्ला, किरण सेठिया, सुशील खम्बारी सहित गांव-गांव से पहुंचे सरपंच, कोटवार ग्रामीण व पुलिस जवान मौजूद रहे।

# विकास कार्यों का उद्देश्य लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना : गोयल





हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल

- छह माह में 10 करोड़ का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

चित्रकोट विधानसभा से निर्वाचित होने के पश्चात छः महीने में ही विधायक विनायक गोयल ने दस करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया है। इसी कड़ी में रविवार को तोकापाल विकासखंड में विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत टेकामेटा में 70 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। इसके अलावा, ग्राम पंचायत छापर-भानपुरी एक और दो में 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ हुआ, साथ ही 45 लाख रुपये के अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया। ग्राम पंचायत करंजी में 3.20 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन हुआ। ग्राम पंचायत बड़े-मारेंगा में 16.25 लाख रुपये और ग्राम पंचायत एर्राकोट में 16.20 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। ग्राम पंचायत भेजरीपदर में भी 5 लाख रुपये के विकास योजनाओं का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान विधायक विनायक गोयल ने कहा कि इन सभी विकास कार्यों का उद्देश्य क्षेत्र के निवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। आगे और भी विकास कार्य होते रहेंगे और मोदी की गारंटी को आखरी व्यक्ति तक पहुंचाते रहेंगे।

# दीपक घोष को एक बार फिर मैत्री संघ के अध्यक्ष की कमान, सुनील महासचिव



- मैत्री संघ का त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न
- मैत्री मंच पैनल का रहा दबदबा,9 पदाधिकारी जीते



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर की जानी-मानी सामाजिक एवम सांस्कृतिक संस्था मैत्री संघ का त्रैवार्षिक चुनाव रविवार को संपन्न हुआ। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हुए मतदान में 351 मतदाताओं में 294 सदस्यों ने नई कार्यकारिणी के चयन हेतु वोट डाले।

देर शाम तक चले मतगणना के प्रश्चात टॉर्च चुनाव चिन्ह के साथ मैत्री मंच पैनल के उम्मीदवारों ने ग्यारह में से नौ पदों पर जीत दर्ज की। चुनाव अधिकारी संतोष मिश्रा ने बताया की तीन राउंड की गीनती के बाद मैत्री मंच पैनल के दीपक घोष अपने प्रतिद्वंदी पुलक भट्टाचार्या से 55 वोट अधिक प्राप्त कर अध्यक्ष पद के लिए विजयी हुए एवम इसी पैनल के सुनील साहा अपने प्रतिद्वंदी सुकुमार धर से 25 वोट अधिक पाकर महासचिव चुने गए। जबकि उपाध्यक्ष पद पर सुचित दत्ता, कोषाध्यक्ष देवाशीष चौधरी, संयुक्त सचिव पद पर संजीव शील एवम देवव्रत बराल, पुस्तकालय सचिव शीला चक्रवर्ती एवम कार्यकारिणी सदस्य पद पर प्रतिमा राय चौधरी एवम सरीता धर ने अपने प्रतिद्वंदी को हराकर जीत दर्ज की। जबकि मैत्री परिवार पैनल से दो पदाधिकारी सांस्कृतिक सचिव विश्वजीत भट्टाचार्या एवं क्रीड़ा सचिव रूपक मुखर्जी ही जीत पाए। चुनाव अधिकारी ने परिणामों की घोषणा के बाद सभी विजयी पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट वितरित किया। संघ के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को जीत हासिल करने पर मुंह मीठा कराया गया और गुलाल खेलकर सदस्यों ने बधाई दी।

# नया कानून प्रभावशील, लोगों को मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नया कानून प्रभावशील होने के अवसर पर गीदम थाना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसे उत्सव के रूप में मनाया गया। थाना गीदम में आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य राजेश कश्यप, पूर्व सरपंच बोमडा राम कवासी एवं अन्य जनप्रतिनिधि प्रतिष्ठित व्यक्ति, नागरिक एवं मीडिया के सदस्य एवं थाना के अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए।



कार्यक्रम में गीदम थाना प्रभारी धनंजय सिन्हा द्वारा तीनों नवीन कानून के संबंध में संक्षिप्त विवरण एवं महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में नवीन कानून लागू होने से नागरिक को समयबद्ध न्याय मिलने एवं नागरिक केन्द्रीत कानून के बारे में बताया गया।

सम्पूर्ण भारत में 1 जुलाई से नये कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गये हैं। उक्त संबंध में नगरवासियों को नये कानूनों के बारे में एडिशनल एसपी स्मृतिक राजनाला द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया।

# जेल में नये कानून के विषय में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिला न्यायालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 जुलाई से लागू तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संदर्भ में जेल विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला जेल दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन आज किया गया।



इस कार्यशाला में विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपूर्वा दांगी ने बताया कि सारे नये कानून में प्रकरण के अन्वेषण विचारण के हर स्तर पर समय की बाध्यता होगी एवं छोटे अपराधों में दोषी को सामुदायिक सेवा करने के लिए निर्देशित किया जा सकेगा जो उसकी सजा मानी जाएगी। साथ ही सभी अभिलेख डिजिटल होंगे। इसके अलावा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ केके. दुबे ने बताया कि किसी भी प्रकार का व्यक्ति किसी भी क्षेत्र के थाने में एफआईआर. लिखवा सकता है, और फरार व्यक्ति सजा से नहीं बच पाएंगें। इस संबंध में सुरेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रकरण के सारे अभिलेख डिजिटल हो जायेंगे जिससे व्यक्ति की फाइल गुम हो जाने पर उसका केस आसानी से मिल जायेगा। सहायक श्वेता एवं नीलघर समरथ ने नए कानूनों में, धाराओं में परिवर्तन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

**जिला पंचायत सदस्य ने उठाया मामला**

# छात्रावासों की हालत सुधारने सांसद की पहल, सहायक आयुक्त को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

ब्लॉक मुख्यालय बकावंड में निर्मित ढाई-ढाई सौ सीटर आदिम जाति बालक छात्रावास और बालिका छात्रावास में रौनक दिखेगी। सात साल से वीरान पड़े ये दोनों छात्रावास में अब छात्र-छात्राएं नजर आएंगे। सांसद महेश कश्यप ने आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर छात्रावासों में छात्र-छात्राओं के दाखिले की प्रक्रिया जल्द शुरू कराने कहा है। विधायक लखेश्वर बघेल के प्रयासों से बकावंड में करीब पंद्रह करोड़ की लागत से 250-250 सीटों की क्षमता वाले आदिम जाति के विद्यार्थियों के लिए बालक एवं बालिका छात्रावासों का निर्माण कराया गया था। आदिम जाति कल्याण विभाग से सीटों की स्वीकृति न मिलने के कारण ये दोनों छात्रावास सात साल से वीरान पड़े हैं। देखरेख के अभाव में सर्व सुविधायुक्त दोनों भव्य छात्रावास जर्जर होते जा रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य सरिता पाणिग्राही ने छात्रावासों के लिए सीटों की स्वीकृति और उनकी बदहाली का मुद्दा उठाया था। उनके मुताबिक 7 वर्ष से सीट स्वीकृत नहीं होने के कारण छात्रावासों की दोनों बिल्डिंगें खंडहर में तब्दील होती जा रही हैं और आदिवासी विद्यार्थियों खासकर क्षेत्र की छात्राओं को आवासीय सुविधा नहीं होने के कारण आगे की पढ़ाई करने में दिक्कत हो रही है। बकावंड ब्लॉक के दूरस्थ गांवों की बेटियों को बीच में ही पढ़ाई छोड़ देनी पड़ रही है। उनकी शिक्षा में प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कन्या शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लक्ष्य के साथ समर्पित भाव से काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक लापरवाही के चलते सात साल से बनकर तैयार छात्रावासों में बेटे-बेटियों को दाखिला नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने इस ओर सांसद महेश कश्यप और बस्तर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था।

### सांसद के पत्र का होगा असर



सांसद महेश कश्यप ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने आदिम जाति कल्याण विभाग बस्तर के सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर बकावंड के दोनों छात्रावासों के लिए सीट स्वीकृत करने और वहां जल्द से जल्द छात्रों तथा छात्राओं के दाखिले की प्रक्रिया शुरू कराने को कहा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि सीटों की स्वीकृति जल्द से जल्द की जाए। सांसद के दखल के बाद अब लोगों में उम्मीद जाग रही है कि इसी सत्र से दोनों छात्रावासों का लाभ बकावंड अनुभाग के छात्र-छात्राओं को मिल सकेगा।

# तीन नये कानून पर लोगों को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

1 जुलाई को पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के निर्देशन में थाना लोहंडीगुडा में एसडीओपी ईश्वर प्रसाद त्रिवेदी के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 3 नये आपराधिक कानून के संबंध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार मिश्रा, सहायक अभियोजन अधिकारी तुलसी राम भारती, लोहंडीगुडा एसडीएम शंकर लाल सिंहा, तहसीलदार अखिलेश ध्रुव तथा ग्राम पटेल, कोटवार, स्थानीय व्यापारी गण, थाना एवं चौकी चित्रकोट, घोटिया के अधिकारी व कर्मचारी गण शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

## बाजार में फुटू और बोड़ा की मांग अधिक



**जगदलपुर।** बारिश के चलते बाजार में रौनक नहीं दिखी। फुटू 200 रूपए जूड़ी एवं बोड़ा 200 रूपए सोली में बिक रहा है। साप्ताहिक बाजार में टमाटर 50-60, फूलगोभी 80, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 30, भट्टा 50, बरबटी 40, करेला 50, आलू 40, प्याज 50, अदरक 200, लहसून 200 रुपए किलो, लालभाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रही है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**जगदलपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति, की बैठक 2 जून को दोपहर समय-सीमा बैठक के उपरांत कार्यालय कलेक्टर के प्रेरणा हाल में रखी गई है।

## विधायक ने बच्चों को पिलाई दवा की खुराक



**जगदलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने रविवार को केशकाल विधानसभा के बूथ 26 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 111 वें संस्करण को स्थानीय जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों के साथ सुना। साथ ही आयोजित स्वास्थ्य शिविर में शामिल होकर आम जनता से चर्चा की। उन्होंने स्वर्ण प्रशान योजना के तहत शिशु को इम्यूनिटी के लिए 2 बूंद इम्यूनाइज पिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक नीलकंठ टेकाम, जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## दाखिला प्रक्रिया पूर्ण करने समय-सारिणी घोषित

**जगदलपुर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत निजी अशासकीय और गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों में निर्धन एवं जरूरतमन्द छात्र-छात्राओं का प्रवेश वर्ष 2024-25 की कार्यवाही किये जाने हेतु समय-सारिणी घोषित की गई है। जिसके तहत स्कूल दाखिला प्रक्रिया (प्रथम चरण का) 7 जुलाई तक, द्वितीय चरण छात्र पंजीयन (आवेदन) 9 से 14 जुलाई तक, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 15 से 21 जुलाई तक, लॉटरी एवं आबंटन 23 से 26 जुलाई तक, स्कूल दाखिला प्रक्रिया 29 जुलाई से 11 अगस्त तक और वर्ष 2024-25 हेतु ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 19 अगस्त से 18 सितंबर तक निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी जगदलपुर द्वारा उक्त निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवार को मिल रहा : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव एवं न्योता भोज का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डी.के. कश्यप ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव शासन द्वारा छात्रों को स्कूल में आकर्षित करने के लिए है। स्वयं छात्र प्रेरित होकर विद्यालय की ओर आकर्षित हों। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम का जिक्र करते हुए बताया कि शासन द्वारा ब्लॉक में तीन अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किया गया है। इसका ग्रामीण क्षेत्र में गरीब वर्गो् को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। शहरों में अंग्रेजी माध्यम के प्राइवेट स्कूल में फीस ज्यादा लगती है गरीब वर्ग के पालक पढ़ाने में असमर्थ थे। आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम में निशुल्क शिक्षा है। पाठ्य पुस्तक, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन, सरस्वती साइकिल योजना संचालित है। हमारा स्कूल स्थानीय सहयोग से बेहतर हो सकता है। पालकों एवं जनप्रतिनिधियों का समय-समय पर मार्गदर्शन एवं शाला का निरीक्षण, सुझाव की आवश्यकता है। पेरेंट्स मीटिंग में पालकों की कम उपस्थिति रहती है। पालकों को भी रुचि लेकर बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना चाहिए। छात्रों की कम उपस्थिति निश्चित रूप से चिंता का कारण है। उन्होंने विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी पर ध्यान आकर्षित किया। हिंदी माध्यम में गणित, भौतिकी, रसायन, विषय के शिक्षकों की आवश्यकता है। पालकों को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए और शासन प्रशासन के समक्ष मांग करनी चाहिए ताकि बच्चों को विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की शिक्षण का लाभ मिल सके।

■ हिंदी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर हुआ स्वागत, वितरित की गई पुस्तकें**



### भवन की मांग स्थानीय स्तर पर हो

प्राचार्य ने भवन की कमी का जिक्र करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर प्रयास करने से भवन की मांग भी शीघ्र पूरी हो सकती है। भवन नहीं होने के कारण छात्रों को कम समय अध्ययन करने मिल रहा है। हमारे पास योग्य शिक्षक हैं परंतु मजबूर होकर स्कूल समय को सीमित कर रहे हैं। क्योंकि स्कूल 2 शिफ्ट में लग रही है। कार्यक्रम में श्यामो राम कश्यप तथा थाना प्रभारी भोजराज नाग ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन एमएस भारती व आभार उपप्राचार्य अर्चना कश्यप ने माना। इस अवसर पर ओमप्रकाश गुप्ता, सरपंच चंपावती कश्यप, भैंसधर पुजारी, राजू देवांगन समेत पालक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जीरो एफआईआर, ई एफआईआर संबंधी दी गई जानकारी

# नए कानून की बारीकियों को लोगों ने जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर पुलिस द्वारा नवीन कानून के प्रति लोगों को जागरुक करने सोमवार को कोतवाली परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर नवीन विधि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 विषय पर जानकारी दी गई।

दण्ड संहिता से न्याय संहिता की ओर भारत में प्रस्तावित तीन नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावशील हो चुका है। पूर्व में लागू कानून भारतीय दण्ड संहिता 1860, दण्ड प्रकिया संहिता 1973 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह अब नया कानून ले चुका है। नए भारतीय संहिता में नये अपराधो को शामिल किया गया है। जिसमें एफआईआर, जॉच और सुनवाई के लिये अनिवार्य समय सीमा तय की गई है। इसी नए कानून को लेकर आयोजित कार्यक्रम में विधायक किरण देव, महापौर सफिरा साहू, रूपसिंह मंडावी, श्रीनिवास मद्दी, रामाश्रय सिंह के अलावा कमिश्नर श्याम धावड़े, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर विजय दयाराम के, एसपी शलभ कुमार सिन्हा, डीएफओ उत्तम गुप्ता व अन्य मौजूद थे।

तीन नये आपराधिक कानून के बारे में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शहर के गणमान्य नागरिक, स्कुली बच्चे, सुरक्षा बल, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, कोटवार को प्रस्तावित नये कानून की जानकारी जिसमें जीरो एफआईआर, ई एफआईआर, प्रारंभिक जांच संबंधी एवं महिला व बालक संबंधी नवीन कानून, विलोपित अपराध, अपराधो में न्यूतम दण्ड बढ़ोतरी एवं सायबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान तीन नये आपराधिक कानून के प्रभावशील क्रियान्वयन के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएॅ देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

### कोतवाली थाना में पहली एफआईआर दर्ज

बस्तर पुलिस द्वारा नये आपराधिक कानून के तहत जिले में प्रथम एफआईआर प्रतिबंधात्मक धारा में कोतवाली थाना में सफलता पूर्वक लांच किया गया। एसपी शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग, सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा नए आपराधिक कानून के तहत प्रभावशाली क्रियान्वयन के लिए पहली एफआईआर करते हुए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

### क्या है मामला

मामले में प्रार्थिया रेशमा वर्मा निवासी अटल आवास कालीपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शेरूखान निवासी अटल आवास द्वारा आटो को अपने घर में रखने की बात पर अश्लील गंदी गंदी गाली गलौच किया और गाली देते हुये दरवाजा को टंगिया से काटकर नुकसान पहुंचाया गया। मामले में धारा 296, 351 (2), 324(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दंतेश्वरी मंदिर के सामने एक व्यक्ति आने जाने वालो को गाली गुफ्तार की सूचना पर अनावेदक लक्की कश्यप के खिलाफ नये आपराधिक कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 170/126, 135 का इस्तगांशा तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### यह है दूसरा मामला

वहीं एक अन्य मामले में प्रार्थी दिपेश कश्यप निवासी पथरागुडा के नाम से फिक्स डिपॉजिट छग राज्य ग्रामीण बैंक जगदलपुर से जारी बैक खाता की मूलप्रति कही गुमने एवं खोजबीन दौरान नहीं मिलने की सूचना पर प्रार्थी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत धारा 174 बीएनएसएस देकर संबंधित कार्यालय से द्वितीय प्रति प्राप्त करने सलाह दिया गया है।

# राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति कटिबद्ध : केदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग का अमला विषम परिस्थिति में काम करते हुए वनों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में योगदान देता है। भविष्य में वनों की महत्ता को मद्देनजर रखकर हम सभी को मिलकर वनाच्छादित ईलाके में वृद्धि करने के लिए सहभागिता निभाना जरूरी है। यह बात वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने स्थानीय वन विद्यालय के सभागार में आयोजित वन विभाग के वाहन चालक कर्मचारी संघ के प्रथम प्रांतीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने वन विभाग के वाहन चालक कर्मचारी संघ के मांगों पर विचार करने आश्वस्त करते कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने वन क्षेत्र में वृद्धि के साथ ही वन विभाग के अमले को ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बेहतर कार्य किये जाने कहा। साथ ही इस दिशा में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने वन कर्मचारियों को धरातल पर वनों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु ग्रामीणों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें वन आधारित एवं वनोपज प्रसंस्करण सम्बन्धी आयमूलक गतिविधियों से जोड़ने पर बल दिया। वाहन चालक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रफीक खान ने संघ के प्रतिवेदन तथा मांगों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी आरके पाण्डे, डीएफओ उत्तम गुप्ता और अन्य अधिकारी तथा वन विभाग के वाहन चालक कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

■ वन विभाग के वाहन चालक कर्मचारी संघ के सम्मेलन में हुए शामिल वनमंत्री

# भाजपा मंडल अध्यक्ष माफी नहीं मांगेंगे तो होगा आंदोलन : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्टील प्लांट प्रबंधन के खिलाफ 8 सूत्रीय मांगों को लेकर स्टील प्लांट के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर जय झाड़ेश्वर समिति के तत्वावधान में चल रहे आंदोलन का समर्थन करने पिछले दिनों भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी पहुंचे थे। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल को भाजपा के नगरनार मंडल अध्यक्ष ने बाहरी और राष्ट्रविरोधी बताया है। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कार्रवाई की मांग को लेकर आईजी और एसपी को शिकायत पत्र सौंपा है, यदि सप्ताहभर में मंडल अध्यक्ष माफी नहीं मांगते हैं और कोई कार्रवाई नहीं होती है तो यूनियन देशभर में आंदोलन करेगा। यह बातें यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री शुभम सिंह ने पत्रवार्ता में कही है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसानों के हितों में लड़ाई लड़ते आ रहा है, जब 2021 से आंदोलन शुरू हुआ तब यूनियन को लेकर भाजपा के मन में एक अलग मंशा है, इसे दूर करने की जरूरत है। भारतीय किसान यूनियन एक राष्ट्रीय संगठन है जो कि सभी राज्य व जिलों में किसान, मजदूर, आदिवासी व शोषित लोगों के अधिकारों के लिए संघर्षरत है। यूनियन में बस्तर में जो पदाधिकारी बनाए गए हैं, वे स्थानीय किसान है, ऐसे में संगठन को बाहरी और राष्ट्रविरोधी करना किसानों का अपमान है और इससे किसानों में आक्रोश है। प्रेसवार्ता में यूनियन के बस्तर संभाग अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, सूर्या, दीपक, उमेश व अन्य सम्मलित थे।

■ पत्रवार्ता में किसान यूनियन के नेताओं ने विरोध जताया



# विधायक ने हरियाली प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




सोमवार को बस्तर वनमंडल के अंतर्गत निशुल्क पौधा वितरण केंद्र का लोकार्पण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में पौधा तुंहर दुआर एवं एक पेड़ मां के नाम के तहत निशुल्क पौधे का वितरण विधायक के द्वारा किया गया। उन्होंने हरियाली प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, कलेक्टर विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीसीएफ आरसी दुग्गा, डीएफओ उमेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह, श्रीनिवास मिश्रा, मनोहर दत्त तिवारी, यशवर्धन राव, रिंकू पांडे समेत अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# डायबिटीज क्लीनिक का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रोटरी क्लब और स्पर्श पोली क्लीनिक एंड डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा रोटरी डायबिटीज क्लीनिक का शुभारंभ सीएमएचओ आरके चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश कागोत ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा पहली बार एक साल के लिए डायबिटीज क्लीनिक रोटरी भवन में खोला जा रहा है। जहां महीने के दूसरे और चौथे रविवार को डायबिटीज एवं बीपी से संबंधित बीमारियों का विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निशुल्क इलाज किया जाएगा। सीएमएचओ ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य जागरुकता के कार्य करती हैं और रोटरी का यह किया जाने वाला कार्य सरकार के लिए मददगार साबित होगा। इस मौके पर वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी ने कहा कि रोटरी का यह कार्य सराहनीय है और सरकार की तरफ से और भी सहयोग करने की बात कही। स्पर्श क्लीनिक के स्टाफ और डॉक्टर वजना ठाकुर ने इस कार्य को करने के लिए रोटरी की हर संभव मदद करने की बात कही। संचालन क्लब सचिव डॉ मनोज थॉमस व आभार विवेक सोनी ने माना। इस मौके पर सत्यनारायण अग्रवाल, विजय हेलीवाल, पुस्पी अग्रवाल, संजय बथवाल, प्रकाश चावड़ा, जेपीएस आहुवालिया, डॉ सरिता थॉमस, संदीप पारख, राहुल पारख सहित रोटरी एवं स्पर्श क्लीनिक के सदस्य उपस्थित थे।

■ डायबिटीज एवं बीपी से संबंधित बीमारियों का नि :शुल्क इलाज करेंगे चिकित्सक



# चिकित्सक दिवस पर विधायक ने किया फल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/तोकापाल

चिकित्सक दिवस के अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने सोमवार सुबह मेडिकल कॉलेज डिमरापाल पहुंचकर डाक्टरों को चिकित्सक दिवस की बधाई दी। इस दौरान उन्होंन मेकाज की अव्यवस्था व गंदगी देखकर साफ सफाई करते हुए स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया। उन्होंने मेकाज में भर्ती मरीजों से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए फल वितरण किया।

अवसर था उनके अवतरण दिवस का इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके उपरांत मेकाज पहुंचकर उन्होंने डाक्टरों को चिकित्सक दिवस की बधाई देते हुए इस प्रति वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिकोत्सव मनाने अधिष्ठाता मेकाज को प्रस्ताव दिया। मेडिकल कॉलेज में हमेशा से चलती आ रही डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने बताया कि छग शासन द्वारा निर्धारित सामान्य अनुसूचित क्षेत्र में सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष में नीट पीजी प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांक में 3 प्रतिशत अंक मिलेगा।

■ मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मरीजों का जाना हाल



### दिव्यागं बच्चों में जरूरत के सामान का वितरण

विधायक गोयल सोमवार को पल्ली ग्राम स्थित आशा आश्रम पहुंचे और उनके साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर बच्चों की जरूरत को देखते हुए स्टेशनरी व जरूरत के सामान का वितरण किया। इस अवसर पर टेकामेटा पंचायत की सरपंच धर्मपत्नी उर्मिला गोयल, जिला पंचायत सदस्य रैतूराम कश्यप, बाबुल नाग के अलावा आश्रम के बच्चे व स्टॉफ मौजूद थे।

### जंगल से जुड़े किसान लाख की खेती को अपना रहे

# ग्रामीणों की जिंदगी में समृद्धि ला रहा लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जंगल में बसे जनजातीय समुदायों के लिए लाख की खेती अब महज आजीविका चलाने का जरिया नहीं बल्कि उनकी जिंदगी में समृद्धि ला रहा है। लाख उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश का सबसे बड़ा राज्य है, जिससे यह देश के लाख उत्पादन का 42 फीसदी है। जंगल से जुड़े क्षेत्र के किसानों में लाख की खेती तेजी से लोकप्रिय हो रही है। प्राकृतिक रूप से बहुतायत में पाए जाने वाले कुसुम के पेड़ में लाख उत्पादन कर रहे हैं। लाख के कीड़े पलास, कुसुम तथा बेर के पेड़ों पर पाले जाते हैं, जिनकी शाखाओं से रस चूसकर भोजन प्राप्त करते हैं। अपनी सुरक्षा के लिए राल का स्राव कर कवच बना लेते हैं। यही लाख होता है, जिसे काटी गई टहनियों से खुरच कर निकाला जाता है। लाख का इस्तेमाल मुख्यतः श्रृंगार की वस्तुओं, सील, चपड़ा, विद्युत कुचालक, वार्निश, फलों एवं दवा पर कोटिंग, पॉलिश, सजावट की वस्तुएं तैयार करने में किया जाता है।

### बच्चों को अधिकारी बनाने की इच्छा

बस्तर जिले के मावलीपदर निवासी मंगलराम एवं रामेश्वर ने बताया कि वह लाख का उत्पादन कर रहा है, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। हालांकि 10 किलो लगाकर लगभग 600 किलो उत्पादन हुआ। उसने बताया कि वह पढ़ाई नहीं कर सका पर अब बच्चों को पढ़ा लिखा कर अधिकारी बनाने की इच्छा है।





### आर्थिक व सामाजिक बदलाव आया



वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आरसी दुग्गा ने बताया कि लाख उत्पादन का निरीक्षण मावलीपदर में किया। उन्होंने बताया कि लाख उत्पादन से ग्रामीणों की जिंदगी में आर्थिक, सामाजिक बदलाव आया है, इससे कई किसान जुड़े हुए हैं। प्रत्येक रेंज में नियद नेल्ला नार के गांव के 10-10 किसानों को भ्रमण कराने का निर्देश दिया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने रानी दुर्गावती की वीरता को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

देश को आजादी दिलाने में अनेक महापुरुष और वीरांगनाओं की महती भूमिका थी, उनमें अमर शहीद रानी दुर्गावती का बलिदान भी अविस्मरणीय है। रानी दुर्गावती की वीरता के सम्बंध में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव ने रविवार को मुरिया सदन में आयोजित बलिदान दिवस मौके पर उन्हें याद कर यह बातें कही। आदिवासी धुरव गौंड़ समाज द्वारा अमर शहीद विरागंना रानी दुर्गावती की 460 वीं बलिदान दिवस मनाया गया। विधायक ने रानी दुर्गावती की वीरता के संबंध में अपनी बात रखते समाज को संगठित रहने पर जोर दिया। इस दौरान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमडी ठाकुर, संभागीय अध्यक्ष संजय धुरव, सचिव प्रशांत मंडावी, शिव प्रसाद नेताम एवं पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

■ विरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया

